>

Title: Regarding promoting generic medicines in the country -laid.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): आज भी हमारे देश में बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा के नीचे और मध्यम वर्ग में रहते है । जब कोई व्यक्ति बीमार होता है तो उसे सब से बड़ी चिंता इलाज मे खर्च होनेवाले पैसे की होती है । इलाज एव दवाइयाँ मे पैसे खर्च होते है । ऐसे में दवाईयाँ भी महंगी होती है । जेनेरिक दवाईया सस्ती होती है, एव ब्रांडेड दवाइयाँ, और जेनेरिक दवाइयाँ इनमे गुण एक जैसे ही होते है FDA की अनुमति भी इसके बिक्री करने पर होने से इन दवाइयों की इन दिनों दुकानो मे बिक्री हो रही है । अत: ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक मेडिसिन की दुकाने देश में खोलने की आवश्यकता है ।

मेरा माननीय मंत्री महोदय जी से आग्रह है कि देश में ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक मेडिसिन की दुकाने खोली जाय और डॉक्टर को आदेशित कर जेनेरिक मेडिसिन मरीज के लिए प्रिसक्राईब करने की अनुमति दी जाए, साथ ही डॉक्टर मरीज को जेनेरिक मेडिसिन प्रिसक्राईब कर रहे है अथवा नही इसे सुनिश्चित करने की व्यवस्था भी बनाई जाए । इससे देश के गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले एवं मध्यम वर्ग को बड़ा फायदा मिलेगा ।